**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 23.03.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे सम्पन्न 14वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>(प्रतिनिधि, सचिव,प्राविधिकशिक्षा विभाग)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1<br>उ0प्र. शासन लखनऊ | सदस्य<br>(वर्चुअल प्रतिभाग) |
| 3. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 4. | डा0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

14.01 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/09/2020 को अपरान्ह 12:00/1:00 बजे सम्पन्न 13वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 18.09.2020 को सम्पन्न वित्त समिति की 13वीं बैठक के कार्यवृत्त पर किसी सदस्य की कोई टिप्पणी/टीकायें प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**14.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/09/2020 को सम्पन्न 13वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने वित्त समिति की दिनांक 18.09.2020 को सम्पन्न 13वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन एजेण्डा बिन्दु सं0 13.07.03 के अंतर्गत गैर राष्ट्रीयकृत बैंकों में संरक्षित धनराशियों का मिलान कार्य करते हुए धनराशि को राष्ट्रीयकृत बैंकों में हस्तानान्तरित करने की प्रक्रिया दिनांक 30.04.2021 तक पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किये गये।

**14.03 वित्तीय वर्ष 2020–21 में फरवरी, 2021 तक वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 के आय–व्ययक अनुमान के प्रस्ताव पर विचार।**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के आयोजनेत्तर पक्ष के लिए ₹ 5649.37 लाख का आय–व्ययक प्राविधान अनुमोदित है। वेतन भत्तों के लिए ₹ 3050.37 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त अन्य आयोजनेत्तर व्ययों के लिए ₹ 2599.00 लाख के व्यय प्राविधान अनुमोदित हैं। जिसके सापेक्ष कमशः वेतन–भत्तों में ₹ 2450.30 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त ₹ 962.98 लाख कुल ₹ 3413.28 लाख का व्यय दिनांक 28 फरवरी, 2021 तक हुआ है। समिति उक्त से अवगत होते हुए वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए वेतन–भत्तों हेतु ₹ 3446.44 लाख एवं वेतन–भत्तों के अतिरिक्त अन्य मदों के लिए ₹ 2789.00 लाख को जोड़कर ₹ 6235.44 लाख का प्रस्तावित आय–व्ययक बजट (**"क" एवं "ख"**) समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

2020–21 का अनुमोदित बजट के सापेक्ष 28.021,2021 तक वास्तविक व्यय एवं 2021–22 के लिए अनुमानित आय–व्ययक का मदवार विवरण।

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित बजट। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2020–21 में 28.02.2021 तक वास्तविक व्यय। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अनुमानित आय–व्ययक (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| | | (क) | | |
| 1 | वेतन भत्ते | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | |
| | (क) वेतन | 1146.30 | 1110.26 | 1428.93 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 309.50 | 164.67 | 300.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 48.00 | 48.39 | 52.80 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | - | | 200.00 |
| | योग | **1503.80** | **1323.33** | **1981.73** |
| | (ब) प्रशासन | | | |
| | (क) वेतन | 146.56 | 133.44 | 161.21 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 53.28 | 21.66 | 40.00 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 64.27 | 25.53 | 30.00 |
| | योग | **264.11** | **180.63** | **231.21** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | |
| | (क) वेतन | 892.46 | 608.46 | 800.00 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 90.00 | 105.10 | 121.50 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 60.00 | 65.72 | 72.00 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 240.00 | 167.07 | 240.00 |
| | योग | **1,282.46** | **946.34** | **1233.50** |
| | योग (अ+ब+स) | **3,050.37** | **2,450.30** | **3,446.44** |

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित बजट। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2020–21 में 28.02.2021 तक वास्तविक व्यय। (₹ लाख में) | वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अनुमानित आय–व्ययक। (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| | (ख) | | | |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 0.21 | 15.00 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 2.81 | 10.00 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 5.00 | 2.99 | 5.00 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 15.00 | 5.42 | 15.00 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 50.00 | 1.50 | 50.00 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 5.75 | 50.00 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 15.00 | 0.00 | 15.00 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 150.00 | 60.13 | 150.00 |
| 10 | भवनों / सड़कों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 500.00 | 330.00 | 600.00 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी क्रियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 219.00 | 45.28 | 219.00 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 146.77 | 350.00 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 20.00 | 0.25 | 10.00 |
| 14 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 1.57 | 10.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 250.00 | 162.93 | 250.00 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 50.00 | 2.87 | 40.00 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 25.00 | 0.00 | 25.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 25.00 | 3.30 | 15.00 |
| 20 | वाहन का क्रय | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 10.00 | 0.00 | 10.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 1.00 | 10.00 |
| 23 | (1) शताब्दी वर्ष की तैयारियों हेतु | 100.00 | 0.00 | 100.00 |
| | (2) शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने के लिए निर्माण कार्यो हेतु | – | – | 200.00 |
| 24 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 200.00 | 113.92 | 200.00 |
| 25 | छात्र क्रियाकलाप के व्यय हेतु | 40.00 | 23.55 | 40.00 |
| 26 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 0.00 | 30.00 |
| 27 | इन्टरनेट शुल्क | 40.00 | 1.70 | 40.00 |
| 28 | पुस्तकालय व्यय | 60.00 | 13.03 | 50.00 |
| 29 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन / फर्नीचर एवं उपकरणों के क्रय हेतु | 300.00 | 37.09 | 200.00 |
| 30 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 25.00 | 0.91 | 25.00 |
| 31 | विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह व्यय | - | | 35.00 |
| | योग | **2599.00** | **962.98** | **2789.00** |
| | महायोग (क+ख) | **5,649.37** | **3413.28** | **6235.44** |

**14.04 बाह्य एजेन्सियों, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0,डी0आई0सी0–आई0आई0टी0 कानपुर, पं0दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन व्यय विवरण।**

समिति द्वारा प्रस्तुत व्यय का अवलोकन करते हुए नियमानुसार शीघ्र धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए गये।

**14:05: विश्वविद्यालय के आयकर, सर्विस टैक्स,जी0एस0टी0 का मासिक एवं त्रैमासिक रिटर्न जमा कराये जाने एवं बैलेन्स शीट बनाने इत्यादि कार्य हेतु आबद्ध चार्टेड एकाउन्टेन्ट के पैनल में परिवर्तन करने एवं कार्य कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

प्रस्ताव वापस लिया गया।

**14:06 : जल कल विभाग, नगर निगम कानपुर द्वारा वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक के किये गये पुर्न Assesment कर (जल कर एवं सीवर कर ) को 10% की छूट के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2020–21 में जमा करने हेतु प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचार करते हुए जल कल विभाग द्वारा पुर्ननिर्धारित धनराशि रू0 3,45,17,517.00 में से 10% की मिलने वाली छूट की धनराशि रू0 34,51,752.00 की अनुमन्यता के दृष्टिगत अवशेष धनराशि रू0 3,10,65,765.00 को वित्तीय वर्ष 2020–21 में भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**14.07.हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में संचालित परियोजना टेक्यूप–।।। के अधीन मानदेय पर आबद्ध जन–शक्ति की अवधि 03 माह (दिनांक 30 जून, 2021 तक) बढ़ाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विचार करते हुए समन्वयक टेक्यूप–III को NPIU/SPIU के दिशा निर्देशों तथा अन्य संस्थाओं में की जा रही व्यवस्था का अध्ययन कर समुचित प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा विषयगत प्रस्ताव पर कार्यवाही हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**14.08. विश्वविद्यालय कानपुर में उद्यान अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 एवं 2013–14 में कराये गये अनुरक्षण संबंधित कार्यों के भुगतान से संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन नहीं प्रदान किया गया।

**14.09. विश्वविद्यालय के वाहन संख्या–यू0पी0–78–डीएफ–3084 बोलेरो की मरम्मत कराये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विचार करते हुए वाहन संख्या–यू0पी0–78– डीएफ–3084 बोलेरा के मरम्मत हेतु अधिकृत गैराज के स्टीमेट पर आर0 आई0/परिवहन विभाग रिपोर्ट के आधार पर रु0 100000.00 (रु0 एक लाख मात्र) की सीमा तक मरम्मत कार्य पर व्यय किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

**14.10. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 17.12.2020 को सम्पन्न 13वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 17–12–2020 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**14.11. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 28.01.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 28–01–2021 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**14.12. विश्वविद्यालय केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 17.03.2021 को सम्पन्न 15वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 17–03–2021 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**14.13. विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.03.2021 को सम्पन्न 10वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा भवन एवं निर्माण समिति की बैठक दिनांक 19–03–2021 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**14:14. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

**14:14.01 राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत अनुदानित धनराशि हेतु बचत खाता खोले जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत अनुदानित धनराशि हेतु बचत खाता खोले जाने के सम्बन्ध में शासन से निर्देश प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

**(राजेश सिंह)**
**सदस्य–सचिव**
**वित्त समिति**
**एच0बी0टी0यू0, कानपुर**

**(प्रो0 एन0बी0सिंह)**
**अध्यक्ष**
**वित्त समिति**
**एच0बी0टी0यू0, कानपुर**